भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1997

उत्तर देने की तारीख-13/03/2023

केंद्रीय विश्वविद्यालयों में रिक्ति

†1997. श्री भर्तृहरि महताब:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में स्वीकृत शिक्षण पदों की तुलना में रिक्तियों पर ध्यान दिया है:

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) शिक्षण संकाय की रिक्तियों को समयबद्ध तरीके से भरने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है; और

(घ) ओडिशा में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय प्रबंधन संस्थान, केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों में स्वीकृत पदों और रिक्त पदों की संख्या कितनी है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (ग) शिक्षा मंत्रालय के अधीन केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू) संसद के संबंधित केंद्रीय अधिनियमों के तहत स्थापित वैधानिक स्वायत्त संगठन हैं और उनके तहत बनाए गए अधिनियमों/संविधियों/ अध्यादेशों के प्रावधानों द्वारा अभिशासित होते हैं। रिक्तियों का होना और उन्हें भरना एक सतत प्रक्रिया है। रिक्तियां, सेवानिवृत्ति, त्याग-पत्र और छात्रों की संख्या में वृद्धि होने की वजह से अतिरिक्त आवश्यकताओं के कारण उत्पन्न होती हैं। 01.02.2023 की स्थिति के अनुसार केंद्रीय विश्वविद्यालयों में नियमित रूप से चल रहे 18956 स्वीकृत शिक्षण पदों में से 12928 पद भरे जा चुके हैं और 6028 पद रिक्त हैं। शिक्षा मंत्रालय ने सभी केन्द्रीय विश्वविद्यालयों (सीयू) को मिशन मोड में रिक्तियों को भरने का निदेश दिया है और सितंबर 2021 से संकाय के 1400 से अधिक पद भरे जा चुके हैं।

(घ) ओडिशा में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों में स्वीकृत पदों और रिक्त पदों की कुल संख्या निम्नानुसार है: -

संस्थान	स्वीकृत पद	रिक्त पद
आईआईटी भुवनेश्वर	240	72
आईआईएम संबलपुर	40	17
ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय	154	136
एनआईटी राउरकेला	485	143
आईआईएसईआर बेरहामपुर	54	15

*****